हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
बुधवार
24 जून 2026, बरेली

PAGE NO, 07, TOP

# भक्तों ने संकट मोचन को चोला चढ़ा मांगी समृद्धि

मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की सुबह से ही लगी रहीं कतारें, जगह-जगह भंडारे और शरबत का किया गया वितरण



इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में भंडारे में प्रसाद बांटते आदित्य मूर्ति।

## ज्येष्ठ मंगल पर एसआरएमएस ट्रस्ट ने किया भंडारा

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से ज्येष्ठ मास के सभी बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन इंजीनियरिंग कालेज के पास स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर, लखनऊ के अर्जुनगंज स्थित देवग्रीन लान, गोमतीनगर स्थित एफआईएमसी में हुआ। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने ज्येष्ठ माह के आठवें एवं अंतिम बड़े मंगल पर लखनऊ के अर्जुन गंज स्थित देवग्रीन लान में, डायरेक्टर अंबिका मूर्ति ने एफआईएमसी गोमतीनगर और आदित्य मूर्ति ने बरेली स्थित इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में भंडारे में शर्बत बांटा गया।